# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–10 अप्रैल 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत सरकार के कंज्यूमर अफेयर्स और फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन मिनिस्टर प्रहलाद जोशी ने आज पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना और रबी विपणन वर्ष दो हजार पचीस–छब्बीस के अंतर्गत गेंहू खरीद को लेकर संयुक्त समीक्षा बैठक की । मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री की भावनाओं के अनुरूप उत्तर प्रदेश सोलर एनर्जी और गेहूं खरीद में अच्छा कार्य कर रहा है। वहीं केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने यूपी के प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बढ़ती ऊर्जा मांगों के अनुरूप कार्य करते हुए पूरे देश के लिए आज मॉडल बन रही है। मुख्यमंत्री ने सभी योजनाओं की प्रगति के बारे में केन्द्रीय मंत्री को विस्तार से जानकारी दी–

**पीएम सूर्य घर योजना को लेकर मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को बताया कि उत्तर प्रदेश में योजना के अंतर्गत 10 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसके सापेक्ष एक लाख से ज्यादा इंस्टॉलेशन पूर्ण कर लिए गए हैं। उन्होंने यूपीनेडा के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन लोगों ने भी योजना के अंतर्गत आवेदन किया है सभी को अभियान चलाकर शीघ्र सोलर एनर्जी से जोड़ा जाए।**

**–पीएम कुसुम योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश निजी पंप सोलराइजेशन में देश में प्रथम है। उन्होंने निर्देश दिये कि निजी नलकूपों के सोलराइजेशन के लिए मिशन मोड में कार्य किया जाए। जल्द से जल्द सभी को सोलर पैनल से आच्छादित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में सोलर पार्क विकसित किए जाएं। इसके लिए नगर निगम भूमि उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही नगरों की स्ट्रीट लाइट्स को भी सोलर पार्क से जोड़ा जाए। समाचार कक्ष से मैं अरूण।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही आधी, बारिश और ओलावृष्टि के दृष्टिगत संबंधित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करे और राहत कार्य पर नजर रखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आकाशीय बिजली, आंधी, तूफान, बारिश और वज्रपात आदि से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि गेहूं की सरकारी खरीद के दृष्टिगत मंडियों सहित सभी खरीद केन्द्रों पर गेहूं के सुरक्षित भंडारण का पूरा ध्यान रखा जाए।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएंगे। वह यहां तीन हजार आठ सौ अस्सी करोड़ रूपये से अधिक लागत वाली विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें वाराणसी रिंग रोड, सारनाथ के बीच एक सड़क पुल, शहर के भिखारीपुर और मंडुआडीह क्रासिंग पर फ्लाई ओवर और वाराणसी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नौ सौ अस्सी करोड़ रूपये से अधिक लागत की एक राजमार्ग अंडरपास सड़क सुरंग आदि का शिलान्यास एंव लोकार्पण कार्य शामिल हैं। प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर तैयारी जोरो से चल रही है।

**********

अयोध्या के अवध विश्वविद्यालय में आयोजित महिला जन प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर भी शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य महिला आयोग के पास बहुत से अधिकार हैं जिसके माध्यम से समाज के अंतिम महिला तक पहुंच कर उन्हें सशक्त किया जा सकता है। उन्होंने विवाह पूर्व संवाद केन्द्र की स्थापना पर जोर दिया।

**राष्ट्रीय महिला आयोग ने एक नई पहल करी है वो है प्री मैरिटल कम्युनिकेशन सेंटर विवाह पूर्व संवाद केन्द्र हमने शुरू करे है की हैप्पी मैरेज के लिए फैमिलीबिंग के लिए इसका काफी अच्छा उपयोग हो सकता है और ये जो नई पहल है ये अभी आने वाले जो विवाह योग्य जो युवा पीढ़ी है उनके लिए काफी अच्छा मार्गदर्शन करेगे ऐसा हमारा मानना है।**

**********

महावीर जयंती पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों के जैन मंदिर समेत विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि भगवान महावीर का सत्य एवं अहिंसा का संदेश वर्तमान परिवेश में और भी अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चल कर ही हम सब मानवता की सेवा कर सकते हैं।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में कल से शुरू हुई तेज हवाओं के साथ बारिश का सिलसिला आज भी जारी रहा। गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर, बस्ती, संतकबीरनगर, आजमगढ़, वाराणसी समेत पूर्वांचल और पश्चिमी क्षेत्रों में रह–रह कर बारिश जारी रही। तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक मौसम इसी तरह बना रहेगा।

**********